प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

**बाक्स में**

**स्वरचित कविता पाठ में वर्षा रही अव्वल**

**सामान्य हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता में सेजल व रेहान ने मारी बाजी**

**स्कूली बच्चों ने जीते पुररस्कार**

पन्तनगर। 15 सितम्बर 2023। एकाउंट्स वैलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित हिन्दी सप्ताह व हिन्दी दिवस समापन समारोह के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं का आयोजन 6–12 सितम्बर तक किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कार्यवाहक कुलसचिव व अधिष्ठात्री डा. अलका गोयल, निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण मोहम्मद नासिर, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय डा. एके गौड़ सहित विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य व शिक्षक मौजूद थे।

सामान्य हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों में कैंम्पस स्कूल की छात्रा सेजल पाठक ने पहला, अथर्व जोशी ने दूसरा, श्रीहान सिंह व सान्वी श्रीवास्तव ने तीसरा तथा रिनाज़ ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। जबकि कक्षा 9 से 12 वर्ग में कैंम्पस स्कूल के छात्र रेहान बेग ने पहला, सिद्धि शर्मा ने दूसरा, सहज फुलारा व स्वर्णिमा चौबे ने तीसरा तथा आदर्श राजकीय बालिका इंटर कालेज की लक्षिता तिवारी ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। स्वरचित कविता पाठ में कैंम्पस स्कूल की छात्रा वर्षा शुक्ला ने पहला, स्वर्णिमा चौबे ने दूसरा, आदर्श राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्रा सुमिता कुमारी ने तीसरा तथा पंतनगर इंटर कालेज के छात्र कृष्ण कुमार गौतम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

कक्षा 4 व 5 के विद्यार्थियों के लिए श्रुति लेख प्रतियोगिता में कैंम्पस स्कूल के दीप्ति नैनवाल ने पहला, अगस्त्या ने दूसरा,श्रीनिधिबिधानी ने तीसरा तथा अदिति वर्मा को सांत्वना, रा.प्रा.वि, फूलबाग सेंटर की अंकिता को पहला, स्वाति कुमारी ने दूसरा, सुशील को तीसरा तथा शिवम सिंह राना को सांत्वना, सरस्वती शिशु मंदिर के आयुष कुमार ने पहला, देव पाण्डे, बबीता उपाध्याय व लक्ष्मी सिंह को क्रमशः दूसरा, तीसरा तथा सांत्वना, बाल निलयम जूनियर हाईस्कूल की अलशिफा अंसारी को पहला, साक्षी साह को दूसरा तथा आरती कुमार व निकिता कश्यप को क्रमशः तीसरा व सांत्वना, रा.प्रा.वि. फूलबाग के नवनीत यादव को पहला, पलक कुमारी को दूसरा, कांजल कुमारी को तीसरा तथा प्राची को सांत्वना तथा रा.प्रा.विष्टा कालोनी की मान्यता को पहला, आरूही को दूसरा, सुहानी को तीसरा तथा रूकमणी को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों के हिन्दी शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें कैंम्पस स्कूल के हिन्दी शिक्षक पीके जोशी तथा निधि जोशी, लता धीमान व इंदू लोहनी, आदर्श राजकीय बालिका इंटर कालेज की शिक्षिका अरूणा वर्मा को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही स्वरचित कविता पाठ के निर्णायकों डा.वीर सिंह, अरूणा मल्ल, सुधा, पूनम त्रिपाठी व केपी सिंह 'विकल' को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।